पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांकः 5655 दिनांकः 01/7/23

प्रायोगिक परीक्षा से वंचित परीक्षार्थियों को अन्तिम अवसर

क्षेत्राधिकार में अवस्थित स्नातक एवं स्नातकोत्तर (भूगोल) के ऐसे नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी जो वर्ष 2023 की किसी विषय की अपनी प्रायोगिक परीक्षा देने से वंचित रह गये, उन्हें एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 04.07.2023 (मंगलवार) को एक दिन के लिये पुनः खोला जाता है। दिनांक 04.07.2023 (मंगलवार) के पश्चात् किसी भी अवस्था में वंचित रहे परीक्षार्थियों को कोई अवसर देय नहीं होगा तथा तदानुसार परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

1. समस्त परीक्षार्थियों व समस्त विषयों (भूगर्भ शास्त्र के अलावा) के लिये प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र – **सेठ आर.आर.मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनू ।**
2. दिनांक एवं समय – **दिनांक 04.07.2023 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे से**
3. नियमित परीक्षार्थी – स्नातक विज्ञान (भूगर्भ शास्त्र के अलावा) तथा भूगोल व स्नातकोत्तर भूगोल के वंचित रहे नियमित परीक्षार्थी अपना मूल परीक्षा प्रवेश पत्र व कॉलेज का पहचान पत्र व प्रायोगिक पत्रावली परीक्षा के समय साथ लेकर जायें।
4. स्वयंपाठी परीक्षार्थी – स्नातक विज्ञान (भूगर्भ शास्त्र के अलावा) तथा भूगोल व स्नातकोत्तर भूगोल के वंचित रहे स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना मूल परीक्षा प्रवेश पत्र, प्रायोगिक पत्रावली, प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क की रसीद, प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र तथा कोई एक पहचान पत्र परीक्षा के समय साथ लेकर जायें।
5. भूगर्भ शास्त्र (स्नातक) की प्रायोगिक परीक्षा से वंचित रहे परीक्षार्थी अपनी प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 04.07.2023 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे से **एस.एन.के.पी. राजकीय महाविद्यालय नीमकाथाना** परीक्षा केन्द्र पर देने हेतु आवश्यक उपरोक्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें।

वंचित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा – 2023 के लिये यह अन्तिम अवसर है। इसका अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठावें। इसके पश्चात् वंचित रहे परीक्षार्थियों को कोई अवसर देय नहीं होगा।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः 5655 दिनांकः 01/7/23

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. कुलपति सचिवालय।
2. कुलसचिव कार्यालय।
3. लेखा एवं वित्त विभाग।
4. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner